अमर उजाला 02/09/2023

पर्यावरण की रक्षा में आम लोगों की भूमिका को बताया अहम

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला सिटी। जीएमएन कॉलेज के एसडीजी क्लब ने अंग्रेजी विभाग के सहयोग से कार्यवाहक प्राचार्या डॉ रचना खन्ना के मार्ग निर्देशन में जीएमएन पब्लिक स्कूल में पर्यावरण की रक्षा में नागरिकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया।

इस मौके पर पर्यावरण की की सुरक्षा में लोगों की भूमिका को अहम बताया गया। व्याख्यान का आयोजन सतत विकास लक्ष्य 2023 के तहत 'खुले वातावरण में एक आउटडोर कक्षा बनाने' के लिए किया गया। व्याख्यान एसडीजी की सदस्य डॉ. अंशु चौधरी द्वारा दिया गया।

व्याख्यान का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों से संबंधित छात्रों और समाज के बीच जागरूकता पैदा करना रहा। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अंशु चौधरी ने स्कूल प्रधानाचार्य रितु घई एवं स्कूल शिक्षिका अखिल को कार्यक्रम के आयोजन करने के लिए आभार जताया।